भारत सरकार

पोत परिवहन मंत्रालय

राज्यर सभा

अतारांकित प्रश्न सं.**132** जिसका उत्तार

सोमवार, 30 नवंबर, 2015/9 अग्रहायण, 1937 (शक) को दिया जाना है

समुद्री परिवहन पर मिस्र के साथ करार

132. श्रीमती रेणुका चौधरी :

क्या् **पोत परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्याप सरकार का समुद्री परिवहन के संबंध में मिस्र के साथ समझौता करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो उसकी मुख्यर विशेषताएं क्या् हैं और

(ग) इस समझौते से क्या लाभ मिलने की संभावना है?

उत्त र

पोत परिवहन राज्यममंत्री

(श्री पोन्. राधाकृष्णान्)

(क) : जी हां।

(ख) और (ग) : भारत और मिस्र के बीच समुद्री परिवहन पर करार में दोनों देशों की समुद्री नौवहन कंपनियों के बीच सहयोग , समुद्री सुरक्षा , सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देते हुए समुद्री मामलों पर सूचना के आदान-प्रदान, समुद्री परिवहन के विकास के लिए तकनीकी सहायता के माध्यीम से समानता और परस्पमर लाभ के सिद्धांत पर अंतर्राष्ट्रीकय समुद्री परिवहन के क्षेत्र में उनके संबंधों का विकास करने के लिए दोनों देशों के बीच सहयोग की परिकल्पिना की गई है।

*****